
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,11 मार्च 2026


## सुविचार



वक्त बहुत कम है यदि हमें कुछ करना है तो अभी से शुरुआत कर देनी चाहिए।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

## बरेली के प्रमुख समाचार


- प्यार में त्रासदी... 32 मिनट रोया, फिर फंदे पर झूला सेवादार-II
- सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली प्रदेश में नंबर वन-III
- यूपी बोर्ड : परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को परखा-IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| बुधवार शाम | गुरुवार सुबह |
| सुन्नी: 6:22 | सुन्नी: 5:04 |
| शिया: 6:31 | शिया: 4:55 |

### सिटी ब्रीफ

**दो मीटर रीडर की सेवा समाप्त**

**बरेली, अमृत विचार** : मुख्य अभियंता ने मीटर रीडिंग में लापरवाही के मामले में दो मीटर रीडरों की सेवा समाप्त कर दी है। मीटर रीडर मौके पर जाकर वास्तविक रीडिंग लेने के बजाय मनमर्जी की रीडिंग डालकर बिल बना रहे थे। शिकायतें मिलने के बाद चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश ने जांच कराई तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में दो मीटर रीडर तुषार कुमार और तरुणकांत उपाध्याय की लापरवाह सामने आई।

**नगर आयुक्त- विधायक ने किया निरीक्षण**

**बरेली, अमृत विचार** : कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने मंगलवार को नगर आयुक्त संजीव मौर्य के साथ सुभाषनगर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग से शुरू हुए इस दौरे के दौरान विधायक ने निर्माणाधीन नालों और जर्जर सड़कों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने सड़कों का काम अधूरा छोड़े जाने को लेकर विधायक से शिकायत की।

### शहर में आज

- श्री गणेश उत्सव समिति की ओर से मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- त्रिवटीनाथ मन्दिर में श्री रामचरितमानस कथा शाम 4 से 6 बजे तक।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।



अग्निवीर भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। बरेली जंक्शन पर भारी भीड़ दिखी। ● अमृत विचार

# अग्निवीर : युवा आज लगाएंगे उम्मीदों की दौड़

- बरेली पहुंचे 12 जिलों के अभ्यर्थी, जाट रेजिमेंट में आयोजित होगी प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : जाट रेजिमेंट में आयोजित होने वाली सेना अग्निवीर भर्ती में 12 जिलों के 10741 अभ्यर्थी दौड़ लगाते हुए अपना दम बुधवार को दिखाएंगे। भर्ती प्रक्रिया में चिनअप, शारीरिक परीक्षा में दौड़, बैलेंसिंग वॉल व नौ फिट डिश के राउंड होंगे। अभ्यर्थियों को इसे पास करना होगा। इसके लिए सेना ने तैयारी पूरी कर ली है। भर्ती परीक्षा के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। सेना के मुख्य अधिकारियों ने ग्राउंड में पहुंच कर सभी व्यवस्थाओं को जांचा।

जाट रेजीमेंट सेंटर में 11 से 19 मार्च तक 12 जिलों के अभ्यर्थी दमखम दिखाएंगे। 20-21 मार्च को सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल कराने के साथ 22-23 मार्च को उनके प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। भर्ती बोर्ड की ओर से जिलावार अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा के लिए दिन निर्धारित कर दिए गए हैं। एनसीसी की 21वीं यूपी बटालियन के बीएचएम (ड्रिल इंस्ट्रक्टर) नरपत बिश्नोई ने बताया कि इस भर्ती परीक्षा में शारीरिक परीक्षा में दौड़, चिनअप, बैलेंसिंग वॉल व नौ फिट डिश के राउंड होंगे। 1600 मीटर दौड़ 5.51 मिनट में पूरे करने वाले अभ्यर्थी को पूरे 60 अंक मिलेंगे। समय के हिसाब से क्रमश 48, 36, 24 अंक मिलेंगे। चिनअप के लिए 40 नंबर का राउंड होगा। पूरे 10 चिनअप लगाने वाले को 40 अंक मिलेंगे। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को कक्षा-10 व 12 की मार्कशीट, ओबीसी प्रमाणपत्र, मूल निवास प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र तैयार रखना होगा। लिखित परीक्षा से पहले इन्हें जमा करना होगा। अग्निवीर परीक्षा में बहराइच, बलरामपुर, सीतापुर और श्रावस्ती से 818, लखीमपुर खारी और पीलीभीत से 977, संभल और शाहजहांपुर से 1284, हरदोई 1005, फरुखाबाद से 1017, बदायूं से 1169, बरेली से 1014 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# निगम में फाइलें दबाए बैठे थे बाबू, तीन का वेतन रुका

## मुख्य अभियंता ने की कार्रवाई ,बजट के बाद भी अटके अनुबंध

- तकनीकी स्वीकृति और फर्मों के साथ अनुबंध की प्रक्रिया पूरी नहीं की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : नगर निगम ने निर्माण विभाग में विकास कार्यों की फाइलों पर 'कुंडली' मारकर बैठे बाबुओं और सुस्त इंजीनियरों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। करोड़ों रुपये के बजट वाली 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि की परियोजनाओं को लटकाने के आरोप में मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने सात लिपिकों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया है।

दरअसल, पिछले दिनों समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया कि मुंशी नगर, सुभाषनगर, बाकरगंज और आईवीआरआई रोड जैसे दर्जनों इलाकों में नाली और सीसी रोड निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने के बावजूद, लिपिकों ने अब तक तकनीकी स्वीकृति और फर्मों के साथ अनुबंध की प्रक्रिया पूरी नहीं की थी। कार्रवाई की जद में



आए लिपिकों में कमलेश कुमार, दिलशाद, गौरव, हरपाल, पवन, अनुराग कमल और विकास साहू शामिल हैं। इनकी लापरवाही ने न केवल जनता की सुविधाओं को अधर में लटकाया, बल्कि शहर के पॉश इलाकों से लेकर पिछड़ी बस्तियों तक के विकास पर ब्रेक लगा दिया। मुख्य अभियंता ने स्पष्ट कहा कहा कि जब तक सभी फाइलों की वित्तीय स्वीकृति और अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण कर अवर अभियंता को कार्य शुरू करने की सूचना नहीं दी जाती, तब तक लिपिकों का वेतन जारी नहीं होगा। इस कार्रवाई से निर्माण विभाग में हड़कंप मचा है। दरअसल, यह बजट जनता की बुनियादी जरूरतों जैसे सड़क और नाला निर्माण के लिए था, लेकिन लिपिक स्तर पर हुई देरी के कारण धरातल पर ईंट तक नहीं लग सकी।

### अवर अभियंता को कारण बताओ नोटिस

सिर्फ बाबू ही नहीं, बल्कि सुस्त रफ्तार से काम कर रहे इंजीनियर भी रडार पर हैं। अवर अभियंता वीर प्रताप सिंह पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अंतिम चेतावनी दी है कि यदि विकास कार्यों की प्रगति में सुधार नहीं हुआ, तो उनका वेतन भी रोक दिया जाएगा। 16 मार्च को होने वाली दोबारा समीक्षा बैठक से पहले सभी को काम की रफ्तार बढ़ाने और अनुबंध प्रक्रिया पूरी करने का अल्टीमेटम दिया गया है।

# धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगी रामायण वाटिका

- जिलाधिकारी ने बीडीए और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमत विचार**: बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए)के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रामायण वाटिका के उद्घाटन को लेकर फिर से हलचल बढ़ गई है।

डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य और बीडीए उपाध्यक्ष मणिकंडन ए. के साथ वाटिका का निरीक्षण किया। इस दौरान दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों को निर्देश दिए सभी शेष कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए फाइनल टच दिया जाए, ताकि जल्द ही इसे जनता को समर्पित किया जा सके। इधर, रामायण वाटिका के मुख्य द्वार पर सीएम योगी आदित्यनाथ के हाथों लोकार्पण का शिलापट्ट लगाने और अब अधिकारियों का निरीक्षण होने पर संकेत मिल रहे हैं कि उद्घाटन जल्द हो सकता है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम को परिसर में नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और पार्किंग के बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बीडीए उपाध्यक्ष मणिकंदन ए. ने बताया कि रामायण वाटिका को न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से आकर्षक बनाया जा रहा है, बल्कि यहां आने वाले पर्यटकों के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था और अन्य बुनियादी जनसुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि उद्घाटन के बाद रामायण वाटिका बरेलीवासियों के लिए एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट और पर्यटन स्थल साबित होगी। इस वाटिका के माध्यम से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के छोटे अवसर भी सृजित होंगे।



अफसरों के साथ रामायण वाटिका का निरीक्षण करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री के आगमन की चर्चा से प्रशासनिक गलियारों में हलचल

बरेली में अगले सप्ताह मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की चर्चाओं ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों में सरगर्मी बढ़ा दी है। हालांकि अभी तक शासन से कोई आधिकारिक प्रोटोकॉल प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन संभावित आगमन को देखते हुए रामायण वाटिका, नगर निगम की स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और विकास कार्यों को अंतिम रूप देने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान रामगंगा नगर की महत्वपूर्ण योजनाओं का लोकार्पण कर सकते हैं।

# सीआई पार्क बना असामाजिक तत्वों का अड्डा, जिम्मेदार खामोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: नगर निगम की अनदेखी के चलते प्रेमनगर थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित सीआई पार्क जुआरियों और नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। पार्क के आउटर सर्किल में अंधेरा रहता है। इसकी वजह से लोगों ने यहां आना कम कर दिया है। पार्क का रखरखाव और सुरक्षा के नाम पर नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर सवालिया निशान लग गए हैं।

मंगलवार को नगर निगम की 'संभव' जनसुनवाई में स्थानीय कारोबारी ने पार्क के अंदर की गतिविधियों की मोबाइल में कैद तस्वीरें अधिकारियों को दिखाईं तो सुरक्षा के दावे की पोल खुलकर सामने आ गई। वीडियो में पार्क के भीतर पेड़ों और झाड़ियों के बीच मिली आपत्तिजनक सामग्री, चादरें और कपड़े इस कदर बिखरे हुए थे कि वे वहां होने वाली अनैतिक गतिविधियों की गवाही दे रहे थे। व्यापारी ने साफ कहा कि सौंदर्यीकरण के नाम पर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये तो बहा दिए गए, लेकिन पार्क में एक लाइट तक जलाने की जहमत नहीं उठाई गई।

पर्यावरण अभियंता राजीव राठी ने आनन-फानन में झाड़ियों को हटवाने के निर्देश तो दे दिए हैं, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि क्या झाड़ियां काट देने भर से नगर निगम की जिम्मेदारी खत्म हो जाएगी? आउटर सर्किल में प्रकाश की व्यवस्था न होना और सुरक्षा गार्डों की अनुपस्थिति यह साफ करती है कि करोड़ों का सौंदर्यीकरण महज फाइलों तक सीमित है। वहीं, जिम्मेदारों ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए सारा ठीकरा पुलिस के सिर फोड़ दिया। पर्यावरण अभियंता राजीव राठी का कहना कि असामाजिक तत्वों को रोकना उनका काम नहीं है, जो जनता के प्रति संवेदनहीनता का सबसे बड़ा प्रमाण है। जब पार्क नगर निगम की संपत्ति है तो वहां बुनियादी प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा गार्ड तैनात करने की जिम्मेदारी किसकी है।



पार्क में झाड़ियां उग आई हैं।

- आउटर सर्किल में रहता है अंधेरा स्थानीय लोगों ने पार्क में कम कर दिया आना-जाना
- नगर निगम की संभव जनसुनवाई में व्यापारी ने साक्ष्य पेश किए तो खुली जिम्मेदारों की पोल
- पर्यावरण अभियंता ने वीडियो देख तत्काल झाड़ियां कटवाने के दिए निर्देश

### निगम की संभव जनसुनवाई में महज पांच शिकायतें आईं

नगर निगम की 'संभव' जनसुनवाई में मंगलवार को आलम यह था कि अधिकारियों की भारी-भरकम फौज तो सजी थी, लेकिन फरियादियों का टोटा पड़ गया। महज पांच शिकायतें आईं।

# वेबोमेट्रिक्स रैंकिंग में एमजेपीआरयू को देश में 262 वां स्थान

**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वैश्विक शैक्षणिक क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। स्पेन स्थित प्रतिष्ठित साइबरमेट्रिक्स लैब की ओर से जारी वेबोमेट्रिक्स रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज 2026 में विश्वविद्यालय ने भारत में 262 वां और एशिया में 1650 वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं प्रदेश में विश्वविद्यालय का छठवां स्थान है।

यह रैंकिंग विश्वविद्यालयों की डिजिटल उपस्थिति, शोध प्रकाशनों के प्रभाव, अकादमिक सामग्री की गुणवत्ता और वेब पर उपलब्ध ज्ञान संसाधनों जैसे मानकों के आधार पर तैयार की जाती है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के प्रयासों का परिणाम है।विश्वविद्यालय का उद्देश्य ज्ञान के सृजन और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देना है।

# कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) द्वारा संचालित यूजीसी मान्यता प्राप्त स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। कुलसचिव हरीश चंद की ओर से जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थी एमए (अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, शिक्षाशास्त्र और अर्थशास्त्र), मास्टर ऑफ कॉमर्स तथा एमएससी (गणित) पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन मोड के तहत प्रवेश ले सकते हैं।

# जांच में फर्जी निकली फर्म पंजीयन किया निरस्त

- जीएसटी विभाग आईटीसी का लाभ उठाने के मामले में फर्म से करेगा वसूली
- अफसरों ने जांच की तो खुली पोल, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : राज्य कर विभाग ने फर्जी तरीके से फर्म रजिस्ट्रेशन कराकर आईटीसी का लाभ उठाने वाले फर्म एफएस ट्रेडर्स का पंजीयन निरस्त कर दिया है। साथ ही आईटीसी पास ऑन कर लाभ उठाने के मामले में अब विभाग ब्याज सहित फर्म संचालक से वसूली करेगी। उधर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

किला निवासी फरजान हाशमी ने 12 जनवरी 2024 को बड़ा बाजार थाना किला के पते पर एफएस ट्रेडर्स के नाम से फर्जी तरीके से फर्म का पंजीयन कराया था। फर्म की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की तो वहां कुछ भी नहीं मिला। फर्म ने वास्तविक व्यापार किए बिना गलते तरीके से आईटीसी दूसरी फर्मों को पासऑन कर दिया। जिसे संज्ञान में लेते हुए विभाग ने फौरन पंजीयन निरस्त कर दिया। साथ ही आईटीसी का लाभ उठाने वाले फर्मों से अब ब्याज सहित वसूली की तैयारी की जा रही है। इतना ही नहीं विभाग ने किला थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सद्दाम हुसैन और समद उर्फ शाहरुख को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अफसरों के अनुसार ऐसी फर्जी फर्मों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# राहत : मरीजों की कतार होगी कम खुलेगा एक और पर्चा काउंटर

- जिला अस्पताल में अभी हैं चार काउंटर, दोपहर तक जुटी रहती भीड़
- आभा आईडी बनाने पर दिया जा रहा जोर, जल्द घर बैठे होगा रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: जिला अस्पताल में ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए लगने वाली लंबी कतारों से मरीजों को जल्द राहत मिलेगी। अस्पताल प्रशासन मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक और पर्चा काउंटर खोलने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में चार पर्चा काउंटर हैं। सुबह से ही यहां मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है और दोपहर तक काउंटरों पर लंबी लाइनें देखी जाती हैं।

एडीएसआईसी रमेश चंद्र दीक्षित ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या को देखते हुए वह एक नया पर्चा काउंटर खोलने जा रहे है। साथ ही मरीजों को डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने के लिए आभा आईडी बनवाने पर भी जोर दिया जा रहा है। आभा आईडी बनने के बाद मरीज घर बैठे ही ओपीडी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकता है। उसके बाद वह अस्पताल आकर अपना पर्चा ले सकता है। एक व्यक्ति की एक ही आभा आईडी बन सकती है, जो उसके आधार से जुड़ी होती है। वहीं, जिला महिला अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण की सुविधा शुरू कर दी गई है। मरीज मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर घर बैठे पंजीकरण करा सकते हैं। इससे अस्पताल पहुंचने पर उन्हें लाइन में लगना नहीं होना पड़ेगा।



जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। (फाइल फोटो)

**नो स्मोकिंग डे**

**शराब से ज्यादा घातक है सिगरेट, मॉडलिंग बिहेवियर युवाओं को बना रहा चेन स्मोकर**

# अपने आप से करो वादा, फिर जिंदगी से मिट जाएगा धुआं

संजय शर्मा, बरेली

**अमृत विचार** : युवाओं में बढ़ती धूम्रपान की लत चिंता का विषय बनती जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि शराब से ज्यादा घातक सिगरेट है। धूम्रपान से सबसे अधिक कैंसर होता है। वहीं सिगरेट से भी अधिक नुकसानदेह ई-सिगरेट साबित हो रही है। इसके बावजूद युवाओं में धूम्रपान का चलन तेजी से बढ़ रहा है।

जिला अस्पताल के मन कक्ष प्रभारी डॉ. अशीष सिंह ने बताया कि मॉडलिंग बिहेवियर यानी दोस्तों या आसपास के लोगों को देखकर धूम्रपान शुरू करने की प्रवृत्ति युवाओं को चेन स्मोकर बना रही है। कई युवा शुरुआत में केवल शौक के तौर पर सिगरेट पीते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह उनकी लत हो जाती है।उन्होंने बताया कि सिगरेट शराब से भी ज्यादा खतरनाक है। इससे मुंह से लेकर शरीर के किसी भी अंग में कैंसर होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। सिगरेट या किसी भी लत को छोड़ने के लिए दवाइयां सिर्फ सहयोग करती हैं, लेकिन आपकी बदलने की जिद इसमें 80 प्रतिशत तक कारगर होती है। इसलिए मन और अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करें। इसके लिए अच्छी संगति और फ्रेंड सर्किल भी बदलना महत्वपूर्ण कदम है।

> धूम्रपान समेत किसी भी लत को छोड़ने के लिए सबसे पहले इच्छा शक्ति होती है। काउंसलिंग और दवा के माध्यम से कोई भी लत आसानी से छूट जाती है। हमारे यहां आने वाले कई लती लोगों ने सिगरेट के साथ साथ शराब को भी आसनी से छोड़ दिया है।
>
> -डॉ. आशीष सिंह, प्रभारी मन कक्ष जिला अस्पताल

**ई-सिगरेट के नुकसान**:ई-सिगरेट के एरोसोल में मौजूद कुछ रसायन डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ई-सिगरेट में टार नहीं पाया जाता, जो पारंपरिक सिगरेट में मौजूद होता है और फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण है।

### 2005 से नहीं लगाया सिगरेट को हाथ



जिला अस्पताल में तैनात संदीप सक्सेना टीबी विभाग में हेल्थ विजिटर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि वह 2005 तक सिगरेट पीते थे। वह दिन भर में कई डिब्बी सिगरेट पी जाते थे। इसके बाद एक दिन उनके मन में अचानक इच्छा हुई कि वह सिगरेट नहीं पियेंगे। उसके बाद से उन्होंने अब तक सिगरेट को हाथ नहीं लगाया। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने अपने उन दोस्तों से भी दूरी बनाई, जो उन्हें सिगरेट पीने के लिए दबाव बनाते थे।

### छोड़ना है धूम्रपान तो करें संपर्क

जिला अस्पताल में बने मन-कक्ष में मनोचिकित्सों की टीम बैठती है। वह टीम मरीज की काउंसलिंग से लेकर दवा तक देती है। वहां ऐसे कई लोग आते हैं, जो शराब के साथ सिगरेट के लती हैं। काउंसलिंग और दवा के बाद सैकड़ों लोगों ने इस जानलेवा आदत को छोड़ दिया और धूम्रपान से मुक्त जीवन जी रहे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### ऑटो चालक ने छात्रा से की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी 28 फरवरी की सुबह शहर के एक विद्यालय में पेपर देने के लिए ऑटो से जा रही थी। आरोप है कि जब ऑटो सुरेश शर्मा नगर इलाके में पहुंचा, तभी ऑटो चालक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

### रिश्वत लेने के मामले में लेखपाल गया जेल


**बरेली, अमृत विचार :** हैसियत प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत लेने के मामले में आरोपी लेखपाल को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि नेकपुर निवासी भारतेन्दु सिंह सोनकर ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने पत्नी के नाम से हैसियत प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। उसने सदर तहसील के लेखपाल महेश से प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने को कहा। आरोप है कि लेखपाल ने रुपये मांगे थे।

# प्यार में त्रासदी... 32 मिनट रोया, फिर फंदे पर झूला सेवादार

## आत्महत्या करने से पहले विजय राठौर ने वीडियो किया वायरल, बयां किया दर्द, धोपेश्वर नाथ मंदिर में सेवा करता था छात्र

**कार्यालय संवाददाता, बरेली/ कैंट**

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार के रहने वाले छात्र ने इश्क में मिली बेवफाई से क्षुब्ध होकर कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटक कर जान दे दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


मृतक विजय राठौर।

आत्महत्या से पहले छात्र ने 32 मिनट 34 सेकंड का वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड किया, जिसमें प्रेमिका के परिवार, अपने परिजनों और पुलिस पर प्रताड़ित करने, झूठी शिकायत कराने के आरोप लगाए हैं।

सदर बाजार निवासी राजकुमार राठौर का 25 वर्षीय बेटा विजय राठौर बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। विजय घर के पास ही धोपेश्वर नाथ मंदिर में साफ-सफाई व पूजा-पाठ भी करता था। बताते हैं कि विजय ने आत्महत्या से पहले अपना एक वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किया। वीडियो में उसने कहा, कि वह पिछले काफी समय से मानसिक रूप से बेहद परेशान है। पूरी-पूरी रात सो नहीं पा रहा है। विजय ने आरोप लगाया कि उसके अपने घरवालों और एक युवती के परिवार ने उसे इतना प्रताड़ित किया, कि उसके पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। वीडियो में विजय यह भी कहता सुनाई देता है कि उसके खिलाफ झूठी शिकायत कराई गई। पुलिस ने भी इस मामले में रुपये लेकर कार्रवाई की। उसने दावा किया कि वह निर्दोष है, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी।

**अंत्येष्टि की हो चुकी थी पूरी तैयारी, पुलिस ने पहुंच कर भरा पंचनामा :** दोपहर करीब 2:30 बजे कैंट पुलिस को सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर क्राइम भारत सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अंत्येष्टि को ले जा रहे शव को रुकवाया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि परिजन नहीं चाहते थे ।


घटनास्थल पर जांच कर साक्ष्य एकत्र करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

> कैंट क्षेत्र में सूचना मिली कि विजय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जांच में सामने आया है कि विजय की एक युवती से बातचीत होती थी, लेकिन बाद में अनबन होने के बाद युवती ने बात करना बंद कर दिया था। युवती की शादी दूसरी जगह तय हो गई थी। युवती के पिता की तरफ से पूर्व में थाने में विजय के खिलाफ तहरीर दी गई थी। जिसमें विजय ने माफीनामा देकर युवती को परेशानी नहीं करने की बात कही थी।
>
> **आशुतोष शिवम**, सीओ प्रथम

### गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन नहीं मानी प्रेमिका

वीडियो में विजय ने कहा, कि वह युवती से रिश्ते को बचाने के लिए बार-बार बात करने की कोशिश करता रहा, लेकिन युवती नहीं मानी। इस दौरान उसके परिजनों और युवती के परिवार की ओर से भी उसे प्रताड़ित किया गया। विजय ने वीडियो में कहा, कि वह यह वीडियो बरेली के एसएसपी तक पहुंचाना चाहता है। उसने कहा कि उसने सुना है कि एसएसपी अच्छे अधिकारी हैं और उम्मीद है कि उसकी मौत के बाद उसे न्याय मिलेगा।

### दो भाइयों में छोटा था विजय

मृतक विजय दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई अजय वकालत करते हैं। पिता प्राइवेट नौकरी करते हैं। बताया जा रहा है, कि विजय की मां सोमवार को बदायूं स्थित रिश्तेदारी में होली मिलने गई थीं। घर पर कोई नहीं था। पड़ोसियों के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वह अपनी शादीशुदा बहन को छोड़कर 8 बजे घर लौटा था। सुबह 10 बजे जब मां बदायूं से घर लौटीं तो विजय फंदे पर लटका मिला। यह देखकर मां की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। जिन्होंने विजय को नीचे उतारा।

### दो साल पहले युवती से मंदिर में हुई थी मुलाकात

वीडियो में विजय ने बताया, कि करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात एक युवती से धोपेश्वरनाथ मंदिर में हुई थी। इसके बाद दोनों की इंस्टाग्राम पर बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे दोनों करीब आ गए। विजय ने युवती को प्रपोज भी किया था। दोनों के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। महाशिवरात्रि से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद युवती ने करीब एक महीने तक उससे बातचीत बंद कर दी। बाद में उसने संदेश भेजकर साफ कह दिया, कि उसकी शादी की बात दूसरी जगह चल रही है। अब उनके बीच कोई संबंध नहीं रह सकता।

## बरेली हिंसा मामले में तौकीर की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज, एजेंसी:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरेली हिंसा मामले में मौलाना तौकीर रजा की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी। सुनवाई की अगली तिथि 12 मार्च तय की है।



न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव के समक्ष तौकीर रजा की याचिका पेश की गई थी। मंगलवार को याचिकाकर्ता की तरफ से कुछ समय तक दलील पेश की गईं और अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को करने का आदेश दिया। बरेली हिंसा मामले में तौकीर जेल में बंद हैं। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, पिछले साल 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा ने एक विशेष समुदाय के लोगों से बरेली के इस्लामिया इंटर कॉलेज परिसर में एकत्रित होने का आह्वान किया था। अभिजोजन पक्ष के अनुसार बीएनएसएस की धारा 163 लागू होने के बावजूद करीब 200-250 लोगों की भीड़ जमा हुई और मौलाना आजाद इंटर कॉलेज से श्यामगंज चौराहा की तरफ कूच किया। अभियोजन पक्ष का कहना है कि तख्ती लिए इस भीड़ ने भड़काऊ नारे लगाए और मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों की चेतावनी को नजरअंदाज किया, इसके बाद स्थिति बिगड़ गई जब आरोपी व्यक्ति आक्रामक हो गए और आगे बढ़ने पर अड़ गए। अभियोजन पक्ष के अनुसार इसके बाद, उन्होंने पुलिस कर्मियों पर पथराव किया था।

# वन-वे व्यवस्था पर वकीलों व ट्रैफिक पुलिस में नोकझोंक

- कलेक्ट्रेट गेट से गलत दिशा में जाने से रोकने पर पुलिस से भिड़े अधिवक्ता
- अधिवक्ताओं की मांग पर ही हुई थी बैरिकेडिंग, बमुश्किल शांत हुआ मामला

**विधि संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट गेट के पास मंगलवार को यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रयासों के बीच अधिवक्ताओं और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। विवाद की मुख्य वजह कलेक्ट्रेट गेट से कोर्ट की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिस की ओर से की गई बैरिकेडिंग और रास्ते को वन-वे किया जाना रहा।

दरअसल, कलेक्ट्रेट चौराहे पर आए दिन लगने वाले भीषण जाम से परेशान होकर खुद अधिवक्ताओं ने ही पुलिस प्रशासन से यातायात व्यवस्था में सुधार की मांग की थी। इसी शिकायत का संज्ञान लेते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सुचारू आवागमन के लिए बैरिकेडिंग लगाकर मार्ग को परिवर्तित किया था, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके। विवाद दोपहर में उस समय शुरू हुआ जब एक अधिवक्ता अपनी गाड़ी लेकर पहुंचे और निर्धारित नियमों के विपरीत गलत दिशा से जाने की जिद करने लगे। मौके पर तैनात ट्रैफिक दरोगा और सिपाहियों ने जब रोककर नियमों का पालन करने की हिदायत दी, तो दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। स्थिति को बिगड़ता देख ट्रैफिक दरोगा मनीष दुबे ने तत्काल इसकी सूचना बार एसोसिएशन के सचिव दीपक पांडे को दी। सूचना मिलते ही सचिव मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराने का प्रयास किया। बार सचिव दीपक पांडे ने आक्रोशित अधिवक्ताओं को समझाते हुए स्पष्ट किया कि यह नई व्यवस्था डीजी के आदेशानुसार केवल जाम की समस्या को खत्म करने के लिए लागू की गई है। ट्रैफिक टीएसआई मनीष दुबे ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा और उनकी ही मांग पर यह कदम उठाया गया है। कुछ देर बाद आपसी समझबूझ के बाद मामला शांत हुआ और सभी अपने काम पर लौट गए।


बैरिकेडिंग कर कलेक्ट्रेट से जनपद न्यायलय रोड को किया गया वन-वे। ● अमृत विचार

### वन-वे व्यवस्था से अधिवक्ता व वादकारी बेहाल

एडवोकेट बार एसोसिएशन के सचिव गौरव सिंह राठौर ने कलेक्ट्रेट मार्ग पर अचानक लागू की गई वन-वे व्यवस्था पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उनका कहना है कि अधिवक्ताओं से बिना किसी पूर्व विमर्श के किए गए इस बदलाव के कारण वकील और वादकारी भारी परेशानी झेल रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार वाले मार्ग से लंबा चक्कर काटकर आने और पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से स्थिति और विकट हो गई है। राठौर ने स्पष्ट किया कि अक्सर जाम चार पहिया वाहनों के कारण लगता है, अत: दो पहिया वाहनों को रोकना तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने प्रशासन से अधिवक्ताओं और वादकारियों की सुविधा के लिए इस अव्यवहारिक व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी
रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## काम एक हजार का...रिश्वत मांगी जा रही दस हजार रुपये

- डीटीआई कार्यालय के 'प्राइवेट सिंडिकेट' की सीएम दरबार में खुली पोल
- भाजपा के निवर्तमान महामंत्री का गंभीर आरोप, चल रहा भ्रष्टाचार का अड्डा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** परिवहन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और ''सुविधा शुल्क'' के नाम पर मची लूट अब शासन तक पहुंच गई है। भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान महामंत्री यतिन भाटिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर डीटीआई कार्यालय में वसूली के गंभीर आरोप जड़े हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरआई ने कार्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है, जहां गरीब जनता से सरकारी फीस के नाम पर डकैती डाली जा रही है। एक हजार के सरकारी शुल्क के काम के बदले पांच से दस हजार तक की रिश्वत खुलेआम वसूली जा रही है।

भाजपा नेता ने इस संगठित भ्रष्टाचार को सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर सीधा प्रहार बताया है। यतिन भाटिया का आरोप है कि आरआई ने अवैध वसूली के लिए एक प्राइवेट व्यक्ति को अपने कार्यालय में ''अघोषित'' तौर पर नियुक्त कर रखा है। यही प्राइवेट गिरोह जनता से सौदेबाजी करता है और रिश्वत की रकम इकट्ठा करता है।

## ई रिक्शा कारोबारी को जान से मारने की दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार:** ई रिक्शा कारोबारी ने दिल्ली के डीलरशिप पर गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने दिल्ली निवासी डीलरशिप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर निवासी प्रियांक गुप्ता ने बताया कि वह बालाजी सेल शाप के माध्यम से ई रिक्शा बिक्री का काम करते हैं। बताया कि वह दिल्ली रोहणी नार्थ वेस्ट निवासी गौरव मल्होत्रा की डीलरशिप के प्रतिनिधि फाइनेंसकर्ता के रूप में काम करते हैं। प्रियांक ने बताया कि उसने डीलरशिप के माध्यम से ई रिक्शा फाइनेंस का काम किया। उसने कुल 461 ई रिक्शे बेचे। जब उसने अपने बकाया पैसे मांगे तो धमकी दी।

## सऊदी अरब में भीड़ जुटने पर हिरासत में लिए गए बरेलवी उलेमा सहित कई जायरीन


- सऊदी अरब उमरा के लिए गए थे काजी उल हिन्दुस्तान मुफ्ती असजद रजा खां
- ईरान-इजरायल जंग के चलते सऊदी अरब सरकार ने कड़ी कर रखी है सुरक्षा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** सुन्नी-बरेलवी मुसलमानों के मरकज आला हजरत खानदान की एक बड़ी शख्सियत और दरगाह ताजुश्शरिया के सज्जादानशीन मुफ्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां को) सहित कई जायरीनों को सऊदी अरब में कथित रूप से हिरासत में लिए जाने की खबर है। कहा जा रहा है कि अधिक भीड़ जुटने की वजह से सऊदी पुलिस ने ऐसा किया है। जानकारी के लिए लोग बरेली दरगाह और आलिमों को फोन लगा रहे हैं।

हालांकि जमात जमात रजा-ए-मुस्तफा के उपाध्यक्ष सलमान हसन खान ने फिलहाल मामले को अफवाह करार देते हुए कहा है कि हजरत की फ्लाइट 13 मार्च को है और वह 14 मार्च को घर आ जाएंगे। दूसरी ओर, ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मामले की निंदा करते हुए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है।

23-24 फरवरी को मुफ्ती असजद मियां, उलमा की टीम के साथ उमरा के लिए सऊदी अरब गए हुए थे। रामपुर, मुरादाबाद, मुंबई आदि जगहों से भी जायरीन गए थे। सऊदी अरब में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। खबर है कि अधिक भीड़ जुटने की सूचना पर अरब पुलिस पहुंच गई और वहां मौजूद बरेलवी उलेमा के साथ कई जायरीनों को हिरासत में ले लिया। ईरान-इजराइल,अमेरिका जंग के चलते सऊदी अरब सरकार ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। जमात के उपाध्यक्ष सलमान हसन खान ने बताया कि सज्जादानशीन के दुनियाभर में मुरीद हैं। उनके पहुंचने की खबर से वहां भारी तादाद में लोग पहुंच गए।



## मुश्किल : शहर से देहात तक गैस की कालाबाजारी, 1500 में बिके सिलेंडर

- डरे लोग अपने घरों में जमा करने लगे हैं सिलेंडर

**कार्यालय सवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** ईरान और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग का असर रसोई और व्यवसाय पर दिखने लगा है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होटल और रेस्टोरेंट इंडस्ट्री हो रही हैं। सरकार द्वारा एस्मा लगाए जाने के बाद कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर एक तरह से रोक सी लग गई है। वहीं प्रशासन अब भी गैस की किसी भी बड़ी किल्लत से इनकार कर रहा है।

मंगलवार को गैस की कमी की अफवाह तेजी से शहर में फैल गई। इसके चलते शहर में गैस की कालाबाजारी शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर खबर फैलने से लोग दुकानो और वेंडरों से सिलेंडर महंगे दामों में खरीदने लगे। वहीं शहर में चर्चा है शहर में बड़े काम करने वाले कारोबारियों के गोदामों में कमर्शियल सिलेंडरों की भरमार है। 200 से अधिक सिलेंडर इन्होंने अपने गोदामों में भर लिए है। ताकि आने वाले समय में इनके काम पर कोई असर न पड़े।



### जनपद में डबल हुई बुकिंग

सूत्रों से पता चला है कि जिले में रोजाना की बुकिंग औसतन 20 हजार सिलेंडरों की रहती है। लेकिन सोमवार को ये बुकिंग बढ़कर 47 हजार पहुंच गई। इससे गैस एजेंसियों पर दबाव बढ़ने लगा है। हालांकि बरेली में अभी घरेलू गैस की ज्यादा दिक्कत नहीं है। गैस एजेंसियों पर काम करने वाले हॉकर से जब इस मामले में बात की गई तो उसने बताया कि कुछ एजेंसी वाले कालाबाजारी पर उतर आए है। वह अपने ही लोगों से इसे महंगे दामों में बेचने के लिए बोल रहे है। इसके बाद हॉकर उसे 1500 तक में बेचकर अपने पैसे भी डबल कर रहा है। बिना नंबर के ही 1500 रुपयों में सिलेंडर मिल जा रहा है।

> घरेलू गैस की वर्तमान में कोई बड़ी समस्या नहीं है। आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए 25 दिनों में एक बुकिंग का नियम लागू कर दिया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होगी।
>
> **मनीष सिंह**, जिला पूर्ति अधिकारी

## नर्स की मौत में पति समेत पांच पर केस

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर निवासी नर्स की संदिग्ध हालत में मौत के बाद नर्स के पिता की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है.

थाना निगोही के मोहल्ला रामनगर निवासी सर्वेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी प्रियंका देवी का विवाह अप्रैल 2024 को कुंवरपुर बंजरिया थाना हाफिजगंज निवासी हरिओम शर्मा उर्फ सुनील कुमार शर्मा के साथ किया था। पिता ने बताया कि उसकी बेटी को भूखा रखकर कमरे में बंद करके मारपीट की जाती थी। मामले की शिकायत शाहजहांपुर पुलिस से की थी। वहां दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता करा दिया गया था। उनकी बेटी पीलीभीत बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ का काम करती थी। 7 फरवरी को उसकी बेटी ने पति के व्हाट्सएप पर मैसेज भेजे थे लेकिन पति ने उसे ब्लॉक कर दिया था. उसके बाद उनकी बेटी कमरे में संदिग्ध हालत में मृत मिली थी. पीड़ित ने पति और अन्य ससुराली में अस्पताल के स्टाफ पर संदेह जताया है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने जांच की जा रही है।

## सीबीगंज में गोलियां चलाने वाले पर पुलिस का शिकंजा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सर्वोदय नगर कॉलोनी में हुई फायरिंग के मामले के एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ था।

सर्वोदय नगर निवासी दीपेश पंत के घर पर 5 मार्च की रात्रि करीब दस बजे बाइक सवार तीन युवकों ने पहले उनके घर के दरवाजे में जोर से लात मारी फिर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। बाद में फायरिंग की। दीपेश पंत ने पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों में मिली फुटेज के आधार तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के आधार पर सर्वोदयनगर निवासी दीपक यादव पुत्र अमर सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों के नाम मयंक गुप्ता व अमित कुमार साहू बताया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसने ही तमंचे से फायरिंग की थी। पुलिस ने दीपक की निशानदेही पर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक कारतूस का खोखा बरामद होना बताया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली प्रदेश में नंबर वन

## जनवरी में चौथा और फरवरी में हासिल किया शीर्ष स्थान, राजस्व कार्यों में भी बड़ी छलांग, डीएम की मॉनिटरिंग आई काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी फरवरी माह की 'सीएम डैशबोर्ड' रैंकिंग में बरेली ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि राजस्व कार्यों में 6 पायदानों की छलांग लगाई है।

डैशबोर्ड पर बरेली के प्रदर्शन ने सबको चौंका दिया है। आंकड़ों के अनुसार, विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बरेली को प्रदेश में पहला स्थान मिला है, जबकि राजस्व कार्यों में जनपद तीसरे स्थान पर रहा। इन दोनों श्रेणियों के संयुक्त मूल्यांकन (ओवरऑल रैंकिंग) में बरेली ने प्रदेश के सभी 75 जिलों को पछाड़ते हुए पहले पायदान पर पहुंच गया है। इस उपलब्धि के पीछे जिलाधिकारी अविनाश सिंह का कुशल नेतृत्व और विभागीय कार्यों की निरंतर गहन समीक्षा रही। गौरतलब है कि पिछले माह जनवरी-2026 की रैंकिंग में बरेली प्रदेश में चौथे स्थान पर था। प्रशासन ने महज एक महीने के भीतर तीन पायदानों की बड़ी छलांग लगाते हुए प्रथम स्थान सुनिश्चित किया। विशेष रूप से राजस्व कार्यों में जनपद ने नौवें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर पहुंचकर छह पायदानों का जबरदस्त सुधार दिखाया है।



डीएम अविनाश सिंह।

### डीएम ने टीम को दी बधाई, निरंतरता बनाए रखने के निर्देश

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इस सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम, अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के परिश्रम को दिया। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों और सरकारी योजनाओं के धरातल पर पारदर्शी क्रियान्वयन का परिणाम है। हालांकि, उन्होंने सचेत भी किया कि शीर्ष पर पहुंचना जितना कठिन है, वहां बने रहना उससे भी बड़ी चुनौती है। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास और राजस्व कार्यक्रमों की इस गति को निरंतर बनाए रखा जाए, ताकि भविष्य की रैंकिंग में भी बरेली का गौरव बरकरार रहे।

## जनसुनवाई में परिक्षेत्र ने प्रदेश में पाया पहला स्थान

- आईजीआरएस के तहत शासन ने फरवरी माह की जारी की रैंकिंग
- डीआईजी बोले- बेहतर कार्य करने वाले कर्मी सम्मानित होंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के तहत शासन ने फरवरी माह की रैंकिंग जारी है, जिसमें जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में बरेली परिक्षेत्र ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि फरवरी में बरेली परिक्षेत्र के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर व पीलीभीत ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा परिक्षेत्र के कुल 85 थानों को भी संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। जिसमें बरेली के 28 थाने, अलीगंज, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज प., किला, शेरगढ़, सीबीगंज, बिशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवरनियां, क्योलड़िया, भुता, हाफिजगंज, भोजीपुरा, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, कोतवाली, सिरौली, फरीदपुर, कैन्ट, फतेहगंज पूर्वी शामिन है। इसके अलावा बदायूं के 19 थाने कुवरगांव, महिला थाना, बिनावर, जरीफनगर, अलापुर, सहसवान, इस्लामनगर, वजीरगंज, मुजरिया, बिल्सी, बिसौली, उझानी आदि शामिल हैं। पीलीभीत के सभी 17 थानों में महिला थाना, माधोटांडा, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, जहानाबाद, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसलपुर, सुनगढी, अमरिया, बिलसंडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि शाहजहांपुर के 21 थाने महिला थाना, रामचंद्रमिशन, खुटार, सिंधौली, कोतवाली, परौर, बंडा कलान, अल्हागंज, सेहरामऊ दक्षिणी, रोजा, मदनापुर, निगोही, कांट, सदर बाजार, पुवायां, गढ़िया रंगीन, जैतीपुर, तिलहर, कटरा, खुदागंज ने भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस कर्मी एसआई शालू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार व आरक्षी सलिल सक्सेना को सम्मानित किया जायेगा। वहीं जिन थानों का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा, उनकी समीक्षा करके सुधार कराया जाएगा।



डीआईजी अजय कुमार साहनी।

## शिक्षकों की मांगों को लेकर यूटा ने बीएसए को दिया ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर यूटा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में पात्र शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान का लाभ दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में कई वर्षों से पात्र शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान नहीं मिल सका है, जबकि इस संबंध में शिक्षा निदेशक बेसिक और शासन स्तर से भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि प्रोन्नत वेतनमान जारी किया जाए। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लंबे समय से इंचार्ज प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य कर रहे शिक्षकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतनमान दिए जाए।

## सिटी ब्रीफ

### बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग तेज

**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी कल्याण सेवा समिति बरेली कॉलेज की मंगलवार को बैठक अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में हुई, जिसमें बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने और अस्थायी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि जब तक बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं मिल जाता और अस्थायी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक समिति का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को बरेली कॉलेज परिसर में एक विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल लखनऊ जाकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगा। समिति के सचिव हरीश मौर्य ने बताया कि इस अभियान को व्यापक जनसमर्थन दिलाने के लिए समिति इसी महीने लगभग एक हजार पर्चे छपवाकर शहर में वितरित करेगी। रामपाल, श्रीराम, कुलदीप, वीरेंद्र पथिक, ओमप्रकाश यादव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### वंदे भारत एक्सप्रेस में लगाए जाएंगे 8 अतिरिक्त कोच

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से 22545/22546 वंदेभारत एक्सप्रेस में 14 मार्च से स्थाई रूप से 07 नान एक्जीक्यूटिव और 01 एक्जीक्यूटिव अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 22545/22546 लखनऊ जं.-देहरादून- लखनऊ जं. वंदेभारत एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगेंगे। उत्तर रेलवे के रायवाला-देहरादून खण्ड पर इंजीनियरिंग कार्य के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण 14119 काठगोदाम-देहरादून एवं 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस गाड़ियों को नियंत्रित एवं पुनर्निर्धारित कर चलाए जाने की सूचना 9 मार्च को जारी की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त गाड़ियों का नियंत्रण एवं पुनर्निर्धारण स्थगित कर दिया गया है। अब यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर पूर्ववत चलाई जाएंगी।

# पांच सौ से अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य

- समझौते से सुलझेंगे विवाद, शनिवार को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत
- लोक अदालत को सफल बनाने के लिए एडीआर सेंटर में जुटे बैंक अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीआर सेंटर में समस्त बैंक प्रबंधकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। संचालन करते हुए नोडल अधिकारी व अपर जनपद न्यायाधीश उमा शंकर कहार ने बैंक अधिकारियों को लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण व अन्य वित्तीय विवादों का अधिक से अधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पांच सौ अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य तय किया गया।

लोक अदालत के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पैरा लीगल वालंटियर की टोलियां बनाई गई हैं, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। बैठक में एलडीएम कृष्ण कुमार, केनरा बैंक से अरुण कुमार सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा से फरीद, चन्दन कुमार साहू, राकेश कुमार, पीएनबी से मदन लाल, उ.प्र. ग्रामीण बैंक से शरद गंगवार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से प्रशान्त रंजन, बैंक ऑफ इंडिया से अमन गर्ग, एचडीबी बैंक से एड. अभिनव सिंह, एक्सिस बैंक से एड. सिकन्दर खान, इंडियन बैंक से योगेश सैनी मौजूद रहे।



लोक अदालत की तैयारियों पर चर्चा करतीं प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शी।

### 11 से चलेगी विशेष लोक अदालत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर सिविल जज (सी. डि.) जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि मुख्य आयोजन से पूर्व जनपद में 11 से 13 मार्च तक तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य लघु आपराधिक वादों का त्वरित निस्तारण करना है। इसके लिए सभी न्यायालयों की ओर से उपयुक्त वादों का चयन कर लिया गया है। सचिव ने बैंकों से चिन्हित किए वादों में तेजी से नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पक्षकारों को समय पर सूचना मिल सके। आम जनता से अपील की गई है कि वे विशेष लोक अदालत और 14 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने लंबित विवादों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कराएं।

## समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व सैनिकों से जुड़े मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय सचिव गौरव सेनानी सेवा समिति के शिशुपाल मौर्य ने मंगलवार को राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कई मांगें उठाई हैं। कहा कि राष्ट्र की रक्षा करने के दौरान कई सैनिक युद्ध में शहीद हो जाते हैं या घायल होकर दिव्यांग हो जाते हैं, ऐसे में उन्हें सरकारी सहायता और समाज के सहयोग की आवश्यकता होती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि युद्ध में घायल सैनिकों की डिसेबिलिटी पेंशन पर लगाए गए टैक्स को तुरंत हटाया जाए। पूर्व सैनिकों के लिए संचालित अंशदायी स्वास्थ्य योजना में फंड की कटौती न करने और पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की गई। पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए जन औषधि केंद्रों से दवाएं बंद न करने तथा उन्हें उच्च गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

## विकास निधि में सुस्ती, 5.49 करोड़ स्वीकृत, खर्च 3.99 करोड़

- विकास कार्यों पर 14 जनप्रतिनिधियों ने खर्च किए 3.99 करोड़
- जिले के नौ विधायकों समेत 14 जनप्रतिनिधी हैं शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में छोटे-छोटे विकास कार्य कराने के लिए दी जाने वाली विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि की रफ्तार नाथ नगरी में धीमी नजर आ रही है। वित्तीय एवं भौतिक प्रगति विवरण के अनुसार जिले के नौ विधायकों समेत 14 जनप्रतिनिधियों ने कुल 5 करोड़ 49 लाख 4 हजार 569 रुपये की धनराशि से विकास कार्य स्वीकृत किए थे, लेकिन अब तक सिर्फ 3 करोड़ 99 लाख 9 हजार 482 रुपये ही खर्च हो सके हैं। वहीं कुछ जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक केंद्र, गौशाला, स्मृति द्वार का भी निर्माण कराया। इसके तहत कुल 557 कार्यों के प्रस्ताव दिए गए, जिसमें 388 कार्य पूर्ण कर लिए गए।

रिकॉर्ड के मुताबिक योजना के तहत 557 विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए गए थे। इनमें से 388 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। जबकि 123 कार्य अब भी अधूरे हैं। शेष कार्यों में प्रक्रिया जारी है। यानी बड़ी संख्या में योजनाएं अभी धरातल पर पूरी तरह नहीं उतर सकी हैं। आंकड़ों से यह भी सामने आया कि अधिकांश योजनाओं में प्रत्येक कार्य के लिए करीब पांच लाख रुपये की स्वीकृति दी गई थी। इन निधियों से सबसे ज्यादा खर्च सड़क, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी कार्यों पर किया गया। वहीं कुछ जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक भवन, गौशाला और स्मृति द्वार जैसे निर्माण कार्य भी कराए।

# केंद्र के पास नहीं कोई प्रस्ताव पलायन को मजबूर युवा

- सांसद नीरज मौर्य बोले- औद्योगिक क्लस्टर पर सरकार का जवाब निराशाजनक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** लोकसभा में आंवला सांसद नीरज मौर्य ने क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना और औद्योगिक विकास को लेकर उठाए गए सवाल पर केंद्र सरकार का रुख निराशाजनक रहा है।

सांसद ने सरकार से पूछा था कि क्या तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं के पलायन को रोकने के लिए सरकार आंवला क्षेत्र को कोई विशेष औद्योगिक पैकेज या क्लस्टर देने जा रही है? इसके जवाब में भारी उद्योग राज्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उद्योग राज्यों का विषय है और मंत्रालय देश के किसी विशेष क्षेत्र में नए उद्योगों की स्थापना का केंद्रीकृत डेटा नहीं रखता। सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि बरेली-आंवला क्षेत्र में किसी औद्योगिक क्लस्टर की स्थापना का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है और न ही बंद पड़ी इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए कोई बजटीय प्रावधान है। सांसद नीरज मौर्य ने सरकार के इस जवाब पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आंवला में इफको जैसे बड़े प्रतिष्ठान होने के बावजूद सहायक उद्योगों का अभाव है। इस कारण स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को वास्तव में सफल बनाना है, तो औद्योगिक विकास को बड़े शहरों से निकालकर छोटे कस्बों तक पहुंचाना होगा। सांसद ने कहा कि अपार संभावनाओं के बावजूद केंद्र स्तर पर इस क्षेत्र के लिए किसी ठोस नीति का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## कुरान मुकम्मल होने पर मांगी अमन चैन की दुआ

**बरेली, अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित मस्जिद नौमहला में मंगलवार की रात को कुरान मुकम्मल किया गया। नौमहला एक पुरानी और ऐतिहासिक मस्जिद है। हाफिज कारी मुफ्ती वासिफ रजा ने तरावीह की नमाज में कुरआन सुनाया। वहीं मस्जिद के इमाम मुफ्ती अब्दुल बाकी मरकजी ने रमजान की फजीलत को बयां किया। बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खां वारसी ने कहा कि अल्लाह हम सबकी इबादतों को कुबूल करें, उन्होंने अपील करते हुए कहा कि मदद सबसे पहले अपने आसपास के जरूरतमंदों का ख्याल करें। महफिल ए कुरआन में हाफिज कारी मुफ्ती वासिफ रजा, इमाम मुफ्ती अब्दुल बाकी मरकज़ी, मौलाना हसन रजा को तोहफों से नवाजा गया। देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। कासिम रजवी, आसिम कुरैशी, सलीम साबरी, नईम, इकबाल कुरैशी, नाजिम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## नौ ग्राम विकास अधिकारी इधर से उधर किए

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में नौ ग्राम विकास अधिकारी और दो ग्राम पंचायत अधिकारियों को बुधवार को इधर से उधर किया गया है। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी आदेश यादव को रामनगर से विकास खण्ड भदपुरा, विकास रविन्द्र को विकास खण्ड फतेहगंज पश्चिमी से भदपुरा, नरेश पाल को क्यारा से मझगवां, रविन्द्र सिंह राना को भोजीपुरा से मझगवां, युधिष्ठर सिंह को बिथरीचैनपुर से विकास खण्ड मझगवां, शोएब उर रहमान को दमखोदा से भदपुरा, प्रियंका को क्यारा से मझगवां, बृजेश कुमार को भदपुरा से भुता और संगीता देवी को ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड भदपुरा से विकास खण्ड भुता स्थानांतरित किया गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप कुमार पाण्डेय को फरीदपुर से विकास खण्ड शेरगढ़ और ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड क्यारा महेन्द्र पाल सिंह को विकास खंड शेरगढ़ स्थानान्तरित किया गया है।

# लापरवाही : एमआरएफ सेंटरों पर नहीं दौड़ी 'बिजली'

- नगर निगम के प्रभारी अधिकारी ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को लिखा पत्र
- जून 2024 में ही कर दिया था 1.57 लाख का भुगतान, लेकिन अब तक नहीं मिला कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने एमआरएफ सेंटरों को लेकर बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। निगम ने करीब 21 महीने पहले सिठौरा पानी की टंकी और मिनी बाईपास स्थित सेंटरों पर विद्युत कनेक्शन के लिए जून 2024 1.57 लाख रुपये से अधिक की राशि बिजली विभाग के खाते में जमा कर दी। बावजूद, विभाग ने अब तक इन केंद्रों को रोशन करना मुनासिब नहीं समझा। प्रभारी अधिकारी राजीव कुमार राठी ने अधिशासी अभियंता को शीघ्र कनेक्शन देने के लिए पत्र लिखा है।



प्रभारी अधिकारी का कहना है कि विद्युत कनेक्शन न होने के कारण इन सेंटरों का संचालन ठप पड़ा है, जिससे शहर के कचरा प्रबंधन की धज्जियां उड़ रही हैं। शासन स्तर से डीसीसीसी के माध्यम से हर महीने दो बार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है, फिर भी स्थानीय अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंग रही। बिजली विभाग की इस सुस्ती के कारण नगर निगम की छवि शासन की नजरों में धूमिल हो रही है। सबसे गंभीर संकट 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' पर मंडरा रहा है। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की गाइडलाइन के अनुसार केंद्रों का संचालन न होने पर स्वच्छता रैंकिंग में भारी गिरावट आने की आशंका है। पत्र में साफ चेतावनी दी गई है कि इन सेंटरों का संचालन न हो पाना सीधे तौर पर मार्किंग को प्रभावित करेगा।

## सिटी डायरी

### टी-शर्ट का अनावरण

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व गुर्दा दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को होने वाली जागरूकता वॉकथॉन को लेकर साईं सुखदा अस्पताल में मंगलवार को चेयरमैन डॉ. शरद अग्रवाल ने टी-शर्ट का अनावरण किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किडनी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। यह वॉकथॉन 12 मार्च को सुबह 7 बजे गांधी उद्यान से शुरू होगी, जिसे विधायक संजीव अग्रवाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस आयोजन में शहर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन और चिकित्सा जगत से जुड़े लोग शामिल होंगे। डॉ. अर्चना, डॉ. सौम्या, डॉ. अर्चना, डॉ. सौम्या, डॉ. ऋषि, डॉ. सीताराम, डॉ. शिवम, डॉ. सुमित, डॉ. सौरभ, डॉ. शम्मी, डॉ. मीत, डॉ. सुषमा मौजूद रहीं।




### उद्यमियों के लिए ओयस्टर मशरूम का प्रशिक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभाग की ओर से मंगलवार को उद्यमियों को ओयस्टर मशरूम से बनाए जाने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थों के व्यवसायीकरण के लिए उद्यमियों को आमंत्रित किया गया। विश्वविद्यालय के प्रयासों से शीघ्र ही आयस्टर मशरूम से बनने वाले विभिन्न खाद पदार्थ जैसे अचार, पापड़, बड़ी, नमकीन, नूडल, मुरब्बा, पापड़, प्रोटीन पाउडर, बिस्कुट, कैप्सूल आदि बाजार में उपलब्ध होंगे। मशरूम विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने बताया कि ओयस्टर मशरूम पोषक तत्वों से भरपूर एक सुपर फूड है। डॉ. सिंहाल ने बताया कि आयस्टर मशरूम में 2.8 प्रतिशत लोवेस्टीन पाया जाता है। यह लोवेस्टीन कोलेस्ट्रॉल को कम करके हार्ट अटैक के खतरे को कम करता है। इसमें 31 प्रतिशत प्रोटीन व फाइबर्स पाए जाते हैं। आयस्टर मशरूम कैंसर के खतरे को कम करता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। ओयस्टर मशरूम प्रशिक्षण में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट राजमणि सिंह, आयस्टर मशरूम स्पेन लैब की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बरखा रानी, अचार पापड़ बनाने वाली कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर रजनी गुप्ता, भूमा ऑर्गेनिक के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव गंगवार सहित 20 उद्यमी सम्मिलित हुए।

### अरोमैटिक एंड एलाइड को सर्वश्रेष्ठ निर्यातक सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** अरोमैटिक एंड एलाइड को उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से ''सर्वश्रेष्ठ निर्यातक'' के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान लखनऊ स्थित एक होटल में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक गौरव मित्तल ने यह पुरस्कार औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव, उपायुक्त निर्यात पवन अग्रवाल और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के सीईओ डॉ. अजय सहाय से प्राप्त किया। गौरव मित्तल ने कहा कि यह सम्मान केवल हमारी कंपनी के लिए ही नहीं, बल्कि उन हजारों भारतीय किसानों के लिए भी गर्व का विषय है जो प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खेती के माध्यम से विश्व को भारत की असली खुशबू और गुणवत्ता प्रदान कर रहे हैं। हमारा प्रयास भारतीय प्राकृतिक संसाधनों और किसानों की शक्ति को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने और देश के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का है।



### नौ प्रधानों की जांच कर रहे अधिकारियों से एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में ग्राम पंचायतों से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में एक पूर्व प्रधान समेत नौ प्रधानों के खिलाफ विभागीय जांच कर रहे अधिकारियों से जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। माना जा रहा है कि इन प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई की गाज गिर सकती है। बता दें कि 2023 से लेकर अभी तक 35 प्रधान और एक पूर्व प्रधान के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं और पंचायत कार्यों में गड़बड़ी की शिकायतें मिली थीं। इसके लिए जांच अधिकारी नियुक्त किए गए थे। जांच के दौरान दस्तावेजों, कार्यों और वित्तीय अभिलेखों की पड़ताल की गई। जांच में पता चला कि 35 प्रधान और एक पूर्व प्रधान पर लगे आरोप पूरी तरह से निराधार थे। जिसके बाद इन प्रधानों को विभाग ने क्लीन चिट दे दी। हालांकि आठ ग्राम प्रधानों और एक पूर्व प्रधान के मामलों में जांच अभी पूरी नहीं हो सकी है।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें

बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाइट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### विश्व हिंदू परिषद की महानगर बैठक संपन्न

**बरेली, अमृत विचार :** केशव कृपा संघ कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद की महानगर बैठक बुधवार को संपन्न हुई। जिसमें 19 मार्च से 2 अप्रैल तक होने वाले रामोत्सव कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह राणा ने महानगर के सभी 12 प्रखंडों से रामोत्सव को भव्य तरीके से करने और समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने की बात कही। विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम हिंदू समाज के आराध्य हैं, इसीलिए सम्पूर्ण हिंदू समाज को राम का चरित्र अपनाते हुए व्यवहार करना चाहिए। आशु अग्रवाल, संजय शुक्ला,अंकित कुमार ,राजकुमार राजपूत,जितेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

### पुरी में मनुष्यों को प्राप्त होता है मोक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** त्रिवटीनाथ मंदिर में चल रही श्रीरामचरितमानस कथा में मंगलवार को कथा व्यास पंडित देवेंद्र उपाध्याय ने सप्तपुरियों के आध्यात्मिक महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वेद और पुराणों में पुरी उस स्थान को कहा गया है, जहां मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्मग्रंथों में वर्णित सप्तपुरियां मोक्ष प्राप्ति के श्रेष्ठ स्थान मानी गई हैं। कथा व्यास ने बताया कि इन सप्तपुरियों का संबंध भगवान श्रीराम के विभिन्न अंगों से माना गया है। प्रताप चंद्र सेठ, संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा और हरिओम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### निशुल्क भोजन का वितरण किया

**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मंगलवार को परसाखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में निशुल्क भोजन का वितरण किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें राहगीरों, श्रमिकों और जरूरतमंदों को भोजन बांटा गया। संरक्षक राजीव सक्सेना ने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सोसाइटी भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, अमित गौड़, हरीश गंगवार, दिलीप पाठक,राजीव सक्सेना, दीपक शर्मा, प्रशांत अग्रवाल, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सनातन नव वर्ष मेले के कार्ड जारी, सीएम को भेजा निमंत्रण

- बरेली क्लब ग्राउंड में 20 से सजेगा तीन दिवसीय मेला

**बरेली, अमृत विचार:** सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को पीलीभीत रोड स्थित ट्रस्टी मनोज दीक्षित के आवास पर हुई। जिसमें 20, 21 और 22 मार्च को बरेली क्लब में आयोजित होने वाले 'सनातन नव वर्ष मेले' की भव्य रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान मेले के निमंत्रण कार्ड से जारी किए गए। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि इस सांस्कृतिक उत्सव का निमंत्रण शहर के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संगठनों को व्यक्तिगत रूप से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री को भी इस मेले में सम्मिलित होने के लिए मेला प्रभारी मुकेश जैन के माध्यम से निमंत्रण भेजा जा चुका है। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय कालगणना और अपनी जड़ों से जोड़ना है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल ने बताया कि मेले में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। बच्चों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मेले का मुख्य आकर्षण प्रतिदिन निकलने वाला लकी ड्रा होगा, जिसमें पांच सौ की खरीदारी करने वाले आगंतुकों को कूपन दिया जाएगा। भाग्यशाली विजेता को 'हीरे की अंगूठी' भेंट की जाएगी। भावेश अग्रवाल ने कहा कि खान-पान के लिए विशेष सात्विक फूड स्टॉल लगाए जाएंगे। अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, मेला प्रभारी मुकेश जैन, राहुल गुप्ता, डॉ. पवन अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मनोज दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# 17 शिक्षकों से रिकवरी के चलते फंसा 500 का वेतन

- अधिक एचआरए लेने वाले शिक्षकों के चक्कर में फंसा वेतन
- फरीदपुर ब्लाक के तमाम शिक्षकों को अब तक नहीं मिला वेतन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अधिक एचआरए लेने के मामले में 17 शिक्षकों से रिकवरी की कार्रवाई के चलते फरीदपुर ब्लॉक के करीब 500 शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन अटक गया है। इस कारण शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

फरीदपुर ब्लाक के 17 शिक्षकों की ओर से शिक्षक हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) लेने का मामला सामने आने के बाद विभाग ने रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद ये शिक्षक कोर्ट चले गए और उन्हें स्टे मिल गया। इसके बाद बीएसए ने 27 फरवरी को उनके वेतन जारी करने के आदेश किए, लेकिन उनका तो वेतन नहीं आया। इसके साथ ही पूरे फरीदपुर ब्लाक के 500 शिक्षकों का वेतन रुक गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने कहा कि ऐसे में जो शिक्षक लोन चुकाने के लिए ईएमआई देते हैं, वे परेशान हैं।

ब्लॉक के शिक्षक सही से होली तक नहीं मना सके। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। लेखा अधिकारियों के अनुसार वेतन बिल सिस्टम में लॉक हो गया है। इसे लखनऊ स्तर से अनलॉक किए जाने के बाद ही वेतन जारी हो सकेगा। फिलहाल, वेतन रुकने से शिक्षक परेशान हैं।

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

**बरेली, अमृत विचार :** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की जनपद इकाई की बैठक गांधी उद्यान में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आंदोलन चार चरणों में चलाया जाएगा। पहले चरण में 15 मार्च तक 'शिक्षक पाती' अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत शिक्षक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उच्चतम न्यायालय को ईमेल या पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी मांग भेजेंगे। दूसरे चरण में 13 अप्रैल को जनपद कार्यालय पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। तीसरे चरण में 3 मई को लखनऊ में महारैली होगी, जबकि मानसून सत्र के दौरान संसद घेराव किया जाएगा। बैठक में शिक्षकों से आंदोलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी की अपील की गई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, अटेवा जिला संयोजक डॉ. मुनीष कुमार गंगवार, मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, डॉ. छोटे लाल, डॉ. योगेश शर्मा, भानु प्रताप सिंह, श्याम नारायण शर्मा, केसी पटेल, अनिल गंगवार, जितेंद्र गंगवार समेत कई शिक्षक नेता मौजूद रहे।

"इस बार सैलरी समय पर नहीं आने के कारण होली का त्योहार भी बेरंग रहा। शिक्षकों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। एंग्रेवर हेमाली आर, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय कादरगंज

"सैलरी रुकने से न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। महीने के अंत में बिलों का भुगतान करना होता है। शिप्रा कुंवर, सहायक अध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय करपिया

"वेतन बिल सिस्टम में लॉक हो गया है। मामले की जानकारी निदेशालय को दी गई है। निदेशालय स्तर पर ही मामला लंबित है। इस संबंध में पत्र लिखा जा चुका है। निदेशालय से अनलॉक होते ही सभी के वेतन जारी हो सकेंगे। राजेश कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग


# यूपी बोर्ड : परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को परखा

## डीआईओएस और सचल दलों ने जिले में कई केंद्रों का किया निरीक्षण, दोनों पालियों में संपन्न हुईं परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के चलते मंगलवार को सचल दलों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने परीक्षा केंद्रों और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सुबह की पाली में हाईस्कूल की चित्रकला एवं रंजनकला तथा इंटरमीडिएट के कृषि वर्ग और सामान्य आधारित विषय की परीक्षाएं आयोजित हुईं। इस दौरान श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज फरीदपुर, किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज फरीदपुर, चौधरी राजेश्वर सिंह किसान इंटर कॉलेज फरीदपुर, सीएसएस इंटर कॉलेज फरीदपुर, छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज फरीदपुर तथा म्यूज इंटर कॉलेज बरेली का निरीक्षण किया गया। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के व्यवसाय अध्ययन (वाणिज्य वर्ग) तथा



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीआईओएस। ● अमृत विचार

गृहविज्ञान की परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। इस दौरान कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज बरेली, आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बरेली, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज अगरास, चंद्र प्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज धनतिया तथा सीबीगंज इंटर कॉलेज बरेली का औचक निरीक्षण किया गया। हाईस्कूल चित्रकला व रंजनकला में 24981 बालक और 20657 बालिका पंजीकृत थे। इसमें से बालक 22939 और बालिका 19716 उपस्थित रहे। 2042 बालक और 951 बालिका अनुपस्थित रहीं। इंटर कृषि वर्ग में 1090 पंजीकृत बालक, 47 बालिका में से 1040 बालक और बालिका 45 उपस्थित तथा 51 बालक और 2 बालिका अनुपस्थित रहीं। वहीं, सामान्य आधारित विषय में 530 बालक और 382 बालिका पंजीकृत तथा 513 बालक और 369 बालिका उपस्थित तथा 17 बालक और 13 बालिका अनुपस्थित रही। इंटर व्यवसाय अध्ययन वाणिज्य वर्ग में 684 बालक और 368 बालिका पंजीकृत और 656 बालक और359 बालिका उपस्थित तथा 28 बालक और 9 बालिका अनुपस्थित रही। इंटर गुहविज्ञान में 7 बालक और 5478 बालिका पंजीकृत तथा 3 बालक और 5216 बालिका उपस्थित तथा 4 बालक और 262 बालिका अनुपस्थित रहीं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जनपद में दोनों पालियों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हुईं।

### पेपर अच्छा होने पर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे



**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के तहत मंगलवार को जनपद के परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुईं। पहली पाली में हाईस्कूल की चित्रकला व रंजनकला तथा इंटरमीडिएट के कृषि वर्ग की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा देकर बाहर आए विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। बताया कि पेपर अच्छा हुआ। इंटरमीडिएट कृषि वर्ग में 24,981 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 22,939 उपस्थित और 2,042 अनुपस्थित रहे। सामान्य आधारित विषय में 1,091 परीक्षार्थियों में से 1,040 उपस्थित और 51 अनुपस्थित रहे, जबकि अन्य वर्ग में 530 में से 513 उपस्थित और 17 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के व्यवसाय अध्ययन (वाणिज्य वर्ग) और गृहविज्ञान विषय की परीक्षा हुई। व्यवसाय अध्ययन में 684 परीक्षार्थियों में से 656 उपस्थित और 28 अनुपस्थित रहे।

### बाल सभा में हुई सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचार :** शांति नगर स्थित सत्योदय हायर सेकेंड्री स्कूल में मंगलवार को बाल सभा के दौरान सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने छात्र-छात्राओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के स्वभाव और संस्कार उसके जीवन, व्यवहार और आचरण में दिखाई देते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का चरित्र नीति, धर्म और ज्ञान का संगम है।

उन्होंने विद्यार्थियों को हनुमान चालीसा का पाठ भी कराया और उसके महत्व व विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि हनुमान श्रद्धा, विश्वास, भक्ति और शक्ति के प्रतीक हैं, जिनसे जीवन को सही दिशा मिलती है। विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार राठौर, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें बाल रामायण की प्रतियां भी भेंट की गईं।

# वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



पंजीकरण कैंप में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- 15 को होगा 26 वां सम्मेलन
- 500 से अधिक ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अग्रवाल सेवा समिति की ओर से रविवार को आयोजित होने वाले '26वें अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन' की तैयारियों को लेकर मंगलवार को रामपुर बाग स्थित अग्रसेन पार्क कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि अब तक युवक-युवतियों के 500 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। इस सम्मेलन की खास बात यह है कि इसमें न केवल डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, सीएस, अधिवक्ता और व्यवसायी जैसे उच्च शिक्षित युवक शामिल हो रहे हैं, बल्कि समिति ने सामाजिक सरोकार को देखते हुए तलाकशुदा और विदुर वर्ग के लिए भी पंजीकरण की सुविधा दी है। बरेली के आसपास के जिलों और कस्बों की अग्रवाल समितियों का भी इस आयोजन में भरपूर सहयोग मिल रहा है। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमशंकर अग्रवाल ने बताया कि समिति ने महिला सशक्तिकरण और समाज के प्रोत्साहन के लिए युवतियों का पंजीकरण पूरी तरह निशुल्क रखा है। महामंत्री राजीव बूबना, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, कार्यक्रम संयोजक पंकज अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# हनुमान ने जलाई लंका, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ब्रह्मपुरी में चल रही 166 वीं रामलीला में मंगलवार को राम-सुग्रीव की मित्रता, बाली वध और लंका दहन का मंचन किया गया। मंच पर प्रस्तुत प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

लीला से पहले गुरु व्यास मुनेश्वर ने बताया कि जटायु को जलांजलि देने के बाद राम और लक्ष्मण सीता की खोज में दक्षिण दिशा की ओर बढ़े। राम की पहले हनुमान और फिर सुग्रीव से भेंट का प्रसंग मंचित किया गया। राम-सुग्रीव की मित्रता के बाद भगवान राम ने एक ही बाण से बाली का वध कर सुग्रीव को भयमुक्त किया। बाली के वध के बाद सुग्रीव किष्किन्धा के राजा बने और अंगद को युवराज बनाया गया। इसके बाद सुग्रीव ने वानरों को सीता की खोज के लिए चारों दिशाओं में भेजा। लीला के दौरान हनुमान के समुद्र लांघकर लंका पहुंचने, अशोक वाटिका उजाड़ने और रावण पुत्र अक्षय कुमार का वध करने का दृश्य विशेष आकर्षण रहा। मेघनाथ द्वारा ब्रह्मास्त्र से हनुमान को बंदी बनाकर रावण के दरबार में लाने और उनकी पूंछ में आग लगाने का दृश्य भी प्रभावशाली रहा। हनुमान ने जलती पूंछ से पूरी लंका जला दी, जिसे देख दर्शकों ने तालियों और जयकारों से स्वागत किया।



रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि बुधवार को लक्ष्मण को शक्ति लगना, कुंभकर्ण वध का मंचन होगा। अध्यक्ष राजू मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों और रामभक्तों का आभार व्यक्त किया। विवेक शर्मा, नवीन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, नीरज रस्तोगी, अखलेश अग्रवाल, सुनील रस्तोगी, महेश पंडित, धीरज दीक्षित, लवलीन कपूर, दीपेंद्र वर्मा, सर्वेश रस्तोगी, कौशिक टंडन, सचिन श्याम भारतीय आदि मौजूद रहे।

### राम के वियोग में भरत ने सिंहासन त्यागा

**बरेली, अमृत विचार :** श्री गणेश उत्सव समिति और श्री गणेश सेवा ट्रस्ट की ओर से मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित आशुतोष दास महाराज ने श्रीराम और भरत के अद्भुत प्रेम का भावपूर्ण वर्णन किया। पंडित आशुतोष दास महाराज ने बताया कि जब गुरुजनों, प्रजा और माता कौशल्या ने भरत से अयोध्या का राज्य संभालने का आग्रह किया, तब भरत ने विनम्रता के साथ सिंहासन अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका हित, लक्ष्य और कल्याण केवल भगवान श्रीराम के चरणों में ही है। इसके बाद उन्होंने सभी से अनुमति लेकर चित्रकूट जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की इच्छा व्यक्त की। यह सुनकर राम-विरह में डूबी सभा को मानो प्रेम अमृत मिल गया। सुनील गुप्ता, कैलाश चंद शर्मा, श्याम शर्मा, रजनीकांत खंडेलवाल, रवि वूवना, अतुल गोयल, निरंकार ओवराय आदि मौजूद रहे।, सुशील शर्मा, सुरेश वर्मा, महेश शर्मा, आनंद आश्रम के मंत्री अनिल अग्रवाल, अरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### कैम्ब्रिज स्कूल के बच्चों ने लिखी मन की बात

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय डाक विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को कैम्ब्रिज स्कूल में 'डिजिटल दुनिया में मानवीय संबंध क्यों महत्वपूर्ण हैं विषय पर गौरवशाली पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने आधुनिक तकनीक के दौर में लुप्त होती पत्र लेखन की परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए रिश्तों की गर्माहट को कागज पर उकेरा। इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक मनोज कुमार, सीनियर पोस्टमास्टर, अरुण कुमार वर्मा, कार्यालय पर्यवेक्षक मंडलीय सुरेंद्र कुमार, मंडलीय ई-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव सत्येंद्र कुमार, डाक सहायक बृजेश गंगवार, असलम, लक्ष्मण सिंह, मुकेश कुमार, अनिल बिष्ट और त्रास कुमार उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती मिथिलेश वार्ष्णेय के मार्गदर्शन और शिक्षिकाओं के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल आभासी दुनिया से इतर वास्तविक मानवीय संवेदनाओं और लेखन कला से जोड़ना रहा।



### होली मिलन समारोह में राधा-कृष्ण की झांकियों ने मनमोहा

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) बरेली महानगर की ओर से मंगलवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गय। जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के वर्तमान और पूर्व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान फूलों की होली खेली गई। एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं। समारोह का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां रहीं, जिन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। झांकियों के साथ अभाविप कार्यकर्ता पारंपरिक होली गीतों पर झूमते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान रंग-गुलाल और फूलों के साथ होली का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि होली मिलन समारोह का आयोजन अभाविप हर वर्ष इसलिए करता है, ताकि संगठन के पूर्व और वर्तमान कार्यकर्ताओं के बीच संवाद बना रहे। ऐसे आयोजनों से आपसी स्नेह, समरसता और संगठनात्मक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम में पूर्व कार्यकर्ताओं में प्रशांत पटेल, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, प्रज्ञेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना और आदेश प्रताप सिंह मौजूद रहे। वहीं वर्तमान कार्यकर्ताओं में डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. राजीव यादव, डॉ. प्रेमपाल सिंह, डॉ. विकास शर्मा, प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया, विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, हर्षित चौधरी, उदय कठेरिया, कुनाल मिश्रा, युवराज सिंह, काव्या, रोशनी, सत्यम गुर्जर, आयुष शर्मा, सिद्धांत आदि उपस्थित रहे।



# गर्मी से बचाने को हिरणों के लिए लगेंगी कृत्रिम झाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा और देखभाल को लेकर भी कदम उठाए जाने लगे हैं। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वन्य प्राणी केंद्र में 84 हिरणों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कृत्रिम झाड़ियां लगाकर छांव की व्यवस्था की जाएगी।

आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पाबडे.के अनुसार गर्मी के मौसम में हिरणों को तेज धूप और गर्म हवा परेशानी करती है। ऐसे में उनके प्राकृतिक व्यवहार और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए परिसर में आर्टिफिशियल झाड़ियां (कृत्रिम झाड़ियां) लगाई जाएंगी। इससे हिरणों को पर्याप्त छांव मिलने से वे गर्मी से राहत महसूस कर सकेंगे।



वन्य प्राणी केंद्र में हिरणों का झुंड। ● अमृत विचार

### वन्य प्राणी केंद्र में बढ़ा सफेद हिरणों का कुनबा

वन्य प्राणी केंद्र में दुर्लभ सफेद हिरणों की संख्या बढ़कर अब चार हो गई है। पहले यहां केवल एक सफेद हिरण था, लेकिन हाल ही में तीन और सफेद हिरण केंद्र में लाए गए हैं। वन्य जीव प्रेमियों और पर्यटकों के लिए सफेद हिरण खास आकर्षण का केंद्र बनते है।

### राजस्थान से लाया गया ऊंट बीमार

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में करीब पंद्रह दिन पहले राजस्थान से लाया गया ऊंट अचानक बीमार पड़ गया। उसे इलाज के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के रेफरल वेटनरी पॉलीक्लिनिक में मंगलवार को लाया गया। जांच में ऊंट को चेस्ट पैड इंफेक्शन होने की पुष्टि हुई है। विशेषज्ञों ने बताया कि मैदानी क्षेत्र का मौसम और वातावरण ऊंट जैसे रेगिस्तानी पशुओं के लिए अनुकूल नहीं होता। इसके कारण स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें पैदा हुईं। सुभाष नगर निवासी ऊंट मालिक के अनुसार ऊंट पंद्रह दिन पहले राजस्थान से लाया गया था। आईवीआरआई रेफरल वेटनरी पॉलीक्लिनिक के प्रभारी डॉ. अभिजीत पावड़े ने बताया कि जांच के दौरान ऊंट में चेस्ट पैड इंफेक्शन पाया गया है।



### वनमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार शंकरदास को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ पत्रकार शंकरदास को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने पर वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने सम्मानित किया। समारोह में आरके सिंह ने भी विचार रखे। विधायक संजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डा. उमेश गौतम, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डॉ. आशीष गुप्ता, अजय कश्यप, डॉ. पवन सक्सेना, शमी खान, अजय शुक्ला, चारु मेहरोत्रा, जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्रा आदि ने उन्हें बधाई दी है।

